वर दे वर दे दाती

वर दे, वर दे, दाती वर दे, वर दे ॥
खुशियों का वर दे माता ।
तूँ किरपा कर दे माता ।
*तेरे दर ते खड़े सवाली,
तूँ झोली भरदे माता,,,
वर दे, वर दे, दाती वर दे, वर दे ॥

तूँ वर दे अम्बे रानी,
मैं हर पल तुम्हें धिआऊँ ।
तेरे नाम से ही मैं जागूँ,
तेरे नाम से ही सौं जाऊँ ।
तेरा नाम प्यारा माता ।
हर इक्क का सहारा माता ।
*माँ भव से पार लगा दे,
तेरा एक इशारा माता,,,
वर दे, वर दे, दाती वर दे, वर दे ॥

आशा की ज्योत जगा के,
हम बैठे तेरे द्वारे ।
हम को भी तारो दाती,
तूने लाखों पापी तारे ।
तेरे दर पे सवाली माता ।
जाएं ना ख़ाली माता ।
*हम फ़ूल तेरी बगिया के,
और तुम है माली माता,,,
वर दे, वर दे, दाती वर दे, वर दे ॥

तूँ भरे भण्डारों वाली,
अपनी क्यों झोली ख़ाली ।
हम चँचल तेरे पुजारी,
लाए पूजा की थाली ।
सेवादारों को माता ।
अपने प्यारों को माता ।
*चरणों से जुदा न करना,
हम बेचारों को माता,,,
वर दे, वर दे, दाती वर दे, वर दे ॥
खुशियों का वर दे माता ।
तूँ किरपा कर दे माता ।
*तेरे दर ते खड़े सवाली,
तूँ झोली भरदे माता,,,
वर दे, वर दे, दाती वर दे, वर दे ॥

अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

स्वर : नरेन्द्र चंचल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23198/title/var-de-var-de-daati

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |